दिनांक 08.09.2024 ”स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई“

फाइट द बाईट जागरूकता अभियान लगातार जारी नगर निगम भिलाई द्वारा

आज दिनांक 08.09.2024 को ”फाइट द बाइट“ मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जोन –1,वार्ड –8 कृष्णा नगर के लोधी पारा, डमरू पारा, शासकीय स्कूल एवं आसपास के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में राष्ट्रीय आजीविका मिशन (NULM) से संबद्ध 18 स्वच्छता दीदियों द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 629 घरों में घर घर गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया गया। गृह भेंट कर सर्वेक्षण के दौरान 117 कूलर ,3 पानी टंकी,120 कंटेनर, एवं 5 टायर में स्थित पुराने संग्रहितध्जमाव पानी को खाली कराया गया। कृष्णा नगर में ही स्थित शासकीय स्कूल के सभी कमरों में मच्छर नियंत्रण हेतु निगम पंप द्वारा मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया गया। स्कूल प्रांगण एवं बस्ती में नालियों के जमाव पानी में जला आइल का छिड़काव कार्य किया गया। सभी सर्वेक्षित घरों स्वच्छता दीदियों द्वारा जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से गीला –सूखा कचरा अलग अलग स्वच्छता मित्रों को देने,जल जनित मौसमी बीमारियों उल्टी –दस्त, टाइफाइड, डायरिया, पीलिया से बचाव के लिए पानी उबालकर ठंडा कर सेवन करने एवं बासी/खुले रूप से बाजार में रखे गए भोज्य पदार्थ का सेवन नहीं करने की समझाइश दी गई।